Annexure – XXII

डा. आर. एस. टोलिया

मुख्य सूचना आयुक्त

उत्तरांचल सूचना आयोग

सैक्टर 1, सी–10, डिफैन्स कालोनी, देहरादून

फोन : (0135) 2666778 / 2666779

फैक्स :

ई–मेल : rs_tolia@rediffmail.com

पत्रांक : 82/उ.सू.आ./मु.सू.आ./2005 दिनांक : 22 दिसम्बर 2005

प्रिय

कृपया आज कोषागार प्रपत्र 385 के रूप पत्र में संशोधन और उसकी हर स्तर पर सहज उपलब्धता के संबंध में हुई दूरभाष वार्ता का संदर्भ करें. कोषागार प्रपत्र 385 की बहियां पर्याप्त संख्या में राज्य के प्रत्येक लोक सूचना अधिकारी के पास उपलब्ध होने के संबंध में एक दूसरे पत्र से आपको अनुरोध किया गया है.

2. इस पत्र के माध्यम से आयोग का आपसे निम्न अनुरोध हैः

   2.1 स्वयं कोषागार प्रपत्र 385 का अवलोकन करना चाहें और उसको पुनः इस प्रकार से फारमेट (Format) कर दें जिससे इसमें अनावश्यक शब्दों को हटा दिया जाय और मात्र कोषागार प्रपत्र 385, रसीद का शीर्षक देते हुए विभाग का नाम, जिस व्यक्ति से प्राप्त किया गया उसका नाम, प्राप्त की गई राशि को भरने के लिए स्थान और जिस राजकीय अधिकारी द्वारा धनराशि प्राप्त की गई उसके हस्ताक्षरों के लिए स्थान और पदनाम के लिए स्थान दे दिया जाय.

   2.2 प्रपत्र को हिन्दी में और प्रत्येक प्रविष्टि के लिए पर्याप्त स्थान देते हुए मुद्रित करा लिया जाय.

3. प्रपत्र को सरलीकरण के मानक के रूप में वन विभाग में प्रचलित ई–3 फार्म को देखा जा सकता है जो हिन्दी में है और जिसमें उपरोक्तानुसार ही प्रविष्टियां हैं और प्रविष्टियों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया गया है.

4. चूंकि उपरोक्त कोषागार प्रपत्र का भविष्य में भारी संख्या में प्रयोग होना संभव है अतः वर्तमान रसीदों की संख्या का कोषागार अनुमान लगाकर हिन्दी में रूपान्तरित रसीद बहियों की प्रर्याप्त संख्या इस प्रकार से हर स्तर पर वितरित करवाना सुनिश्चित करे जिससे कि प्रत्येक लोक सूचना अधिकारी के स्तर पर उपरोक्त रसीद बही सुगमता से उपलब्ध हो जाय.

5. कोषागार प्रपत्र 385 की सहज उपलब्धता का सीधा प्रभाव सूचना का अधिकार अधिनियम के कियान्वयन के लिए है अतः आपसे अपेक्षा है कि उपरोक्त सुझावों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कियान्वित करने का कष्ट करें.

6. कृपया पत्र की प्राप्ति स्वीकार करते हुए कृत कार्यवाही से आयोग को भी अवगत करायें.

भवदीय,

(आर. एस. टोलिया)

श्री यशपाल सिंह

निदेशक

कोषागार एवं वित्त सेवायें,

23 लक्ष्मी रोड, देहरादून